समीक्षा | कलेक्टर ने नल-जल योजनाओं की प्रगति का बारीकी से लिया जायजा

# जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं



**नवभारत,जबलपुर।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बुधवार जल जीवन मिशन के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने मिशन के अंतर्गत संचालित नल-जल योजनाओं की प्रगति का बारीकी से जायजा लिया। साथ ही जल निगम द्वारा प्रगतिरत कार्यों की भी जानकारी ली गई। कलेक्टर ने पड़वार-पड़रिया समूह जल प्रदाय योजना में निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति समय पर नहीं होने पर उन्होंने नाराजगी भी व्यक्त की।

जानकारी के अनुसार इस मौके पर कलेक्टर ने संबंधित ठेकेदार से दो टूक कहा कि कार्य में तेजी लायें और मजदूरों की संख्या बढ़ाकर काम को प्राथमिकता के साथ पूरा करें। इसके साथ ही उन्होंने पायली समूह के ठेकेदार को भी पूरी मेहनत के साथ जल्द से जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिये। बैठक में जबलपुर जल प्रदाय व पायली जल प्रदाय योजना अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली।

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने बैठक में नवीन व रेट्रोफिटिंग स्वीकृति के लिए बची हुई योजनाओं और पुनरीक्षित जल प्रदाय योजनाओं की भी समीक्षा की गई। उन्होंने मैकेनिकल विंग द्वारा विभिन्न बसाहटों में किए जा रहे कार्यों और शेष बचे गांवों की स्थिति देखते हुए अधिकारियों को समय-सीमा में काम पूरा करने के लिए कहा।

### ग्रामीण अंचलों पर भी फोकस

इस दौरान कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने ये भी कहा कि पेयजल व्यवस्था को लेकर गंभीरता से विचार करें और इस दिशा में प्रभावी कार्यवाही करें। उन्होंने जिले के सभी विकासखंडवार जनपद पंचायतों के अधिकारियों से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल और हैंडपंपों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा कर कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में पेयजल सुविधा उपलब्ध करायें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी व जल निगम के अधिकारी और ठेकेदार उपस्थित रहे।

## जबलपुर से गुजरेगी आईआरसीटीसी की भारत गौरव ट्रेन

**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। जो 11 जुलाई को रीवा शहर से 5 ज्योतिर्लिंग के साथ द्वारकाधीश मंदिर एवं एलोरा यात्रा के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन मध्यप्रदेश के रीवा, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी, रानी कमलापति, शुजालपुर एवं उज्जैन स्टेशनों से होते हुए जाएगी, जहाँ से यात्री इस ट्रेन पर सवार हो सकेंगे। 10 रातें 11 दिनों की इस यात्रा में द्वारका, सोमनाथ, भीमाशंकर, त्रिम्ब्केश्वर, घृष्णेश्वर एवं एलोरा के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा। आईआरसीटीसी, इस सर्व समावेशी टूर की पेशकश कर रहा है, जिसमें भारत गौरव ट्रेन के विशेष एलएचबी रेक में आरामदायक रेल यात्रा, ऑन-बोर्ड और ऑफ-बोर्ड भोजन, सड़क परिवहन और गुणवत्तायुक ?त बसों में दर्शनीय स्थलों की यात्रा, यात्रा कार्यक्रम के अनुसार आवास की व्यवस्था, यात्रा में टूर एस्कॉर्ट्स, यात्रा बीमा, ऑन-बोर्ड सुरक्षा और हाउसकीपिंग की सेवा शामिल है।



# 45 हजार बिजली कर्मियों के संविलियन की उठी मांग

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश विद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ ने प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों में कार्यरत लगभग 45 हजार आउटसोर्स कर्मचारियों के संविलियन के लिए माँग उठाई है। संघ के प्रांतीय महासचिव हरेंद्र श्रीवास्तव ने ऊर्जा मंत्री से सीधी माँग करते हुए कहा कि ऊर्जा विभाग द्वारा निकाली गई नई लाइन कर्मचारियों की भर्ती के स्थान पर वर्षों से अनुभवी आउटसोर्स लाइन कर्मियों को प्राथमिकता देकर उनकी नियुक्ति की जानी चाहिए।

संघ की बैठक में तकनीकी कर्मचारियों की लंबित माँगों पर चर्चा की गई। इसमें बात की गई कि विद्युत कंपनियों में लगभग 15 वर्षों से 45,000 आउटसोर्स कर्मचारी कार्य कर रहे हैं, जो अब पूरी तरह अनुभवी हो चुके हैं। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ये आउटसोर्स कर्मी ही विद्युत तंत्र को चलायमान रखने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। इस कारण आउटसोर्स कर्मियों के लिए मानव संसाधन नीति बनाकर उनका संविलियन किया जाए और ठेका प्रथा को पूरी तरह समाप्त किया जाये। आउटसोर्स कर्मचारियों के हितों और उनकी लंबित माँगों को लेकर आयोजित की गई इस महत्वपूर्ण बैठक में संगठन के कई प्रमुख सदस्य शामिल हुए। इस बैठक में अजय कश्यप, मोहन दुबे, राजकुमार सैनी, लखन सिंह राजपूत, विनोद दास, मदन पटेल, दशरथ शर्मा, के.एन. लोखंडे, शशि उपाध्याय, इंद्रपाल सिंह और संदीप दीपंकर आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### पार्षद ने पेश की मानवता की मिसाल

**नवभारत,जबलपुर।** महाराणा प्रताप वार्ड के भाजपा पार्षद जीतू कटारे ने मानवीयता का उदाहरण पेश किया है। उन्हें देर रात एक लेडीज बैग सांई कॉलोनी गेट पर पड़ा मिला था जिसमें एक सैमसंग कंपनी का मोबाइल, एक एटीएम आशीष विश्वकर्मा नाम का और 4600 रुपए नगद रखे हुए थे। ये लेडीज बैग पार्षद ने धनवंतरी नगर पुलिस चौकी में एएसआई हृदय नारायण पांडे, दिलीप पाठक को सूचना देकर उन्हें सुपुर्द किया। इसके बाद पुलिस ने संबंधित को बुलाकर उसका पर्स वापस किया। पर्स मिलने के बाद पार्षद के प्रति परिवार के सदस्यों ने आभार व्यक्त किया।



### डॉ. एचपी तिवारी हुए सम्मानित

**नवभारत, जबलपुर।** धार के बहुचर्चित भोजशाला बनाम कमाल मौला मस्जिद प्रकरण पर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने ऐतिहासिक निर्णय सुनाते हुए इसे हिंदू मंदिर और संस्कृत शिक्षा का केंद्र बताकर हिंदू पक्ष को सौंपने के निर्देश दिए। इस प्रकरण के मुख्य याचिका कर्ता समाज सेवी डॉ.एच. पी. तिवारी का धार्मिक विकास समिति द्वारा नागरिक अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर डॉ.एच.पी. तिवारी ने उच्च न्यायालय के फैसले पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे सनातन धर्म और सनातन परंपरा की जीत निरूपित किया। डॉ.तिवारी ने बताया कि उनकी याचिका में बहस के दौरान भोजशाला के स्तंभों में अंकित विविध हिंदू प्रतीकों, राजा भोज की पुस्तक समरांगण सूत्रधारा में वर्णित भोजशाला से मिलते जुलते तथ्यों तथा एएसआई द्वारा भोजशाला परिसर में की गई खुदाई में प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर अपना पक्ष बेहद मजबूती से रखा गया था। और उन्हें पूरा विश्वास था कि फैसला उनके पक्ष में ही आएगा। डॉ.तिवारी ने बताया कि यह परिषर वास्तव में राजा भोज द्वारा निर्मित मां सरस्वती का विख्यात मंदिर तथा वैदिक व संस्कृत शिक्षा का विश्व विख्यात केंद्र था जहां पूरी दुनिया से ज्ञान पिपासु विद्यार्थी ज्ञानार्जन हेतु आते थे।

### भोजपुरी गीतों से सजेगी शाम

**नवभारत, जबलपुर।** संगीत प्रेमियों के लिए 22 मई को एक विशेष संगीतमय कार्यक्रम शोभा सिंह म्यूजिकल स्टार्स का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में पहली बार हिंदी एवं भोजपुरी गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। यह आयोजन शाम 6:45 बजे से शहीद स्मारक हॉल, गोलबाजार में होगा। आयोजकों ने शहर के सभी संगीत प्रेमियों को इस यादगार शाम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

### आर्यिका श्रुतमति और उपसममति माता की समाधि

जबलपुर, नवभारत। आचार्य श्री विद्यासागर महाराज से दीक्षित आर्यिका श्रुतमति माताजी की बुधवार सुबह एवं आर्यिका उपसममति माताजी की शाम को रीवा के पास एक दुर्घटना में समाधि हो गई। बताया जाता है सुबह जंगल शौच के लिए जा रही थी उसी समय प्रयागराज से आ रही कार ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने उन्हें कुचल दिया दो अन्य माताजी भी चपेट में आने से बच गई। वर्तमान में दोनों आर्यिका, आर्यिका सौम्यमती माताजी के संघ में विराजमान थी। आर्यिका श्रुतमति माताजी एवं आर्यिका उपसममति माताजी की आर्यिका दीक्षा 13 फरवरी 2006 को सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर में आचार्य भगवन श्री विद्यासागर महाराज के कर कमलों से हुई थी।आर्यिका श्रुतमति माताजी ने 29 मई 1998 को भाग्योदय तीर्थ सागर में आचार्य श्री विद्यासागर महाराज से आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत लिया था उच्च शिक्षित माताजी ने एमएससी मानव शास्त्र और एम.ए. संस्कृत से किया था। माताजी के गृहस्थ अवस्था के बड़े भाई आचार्य संघ में मुनि श्री अचलसागर महाराज है और वर्तमान में तारादेही जिला दमोह में विराजमान है।



# सफल सर्जरी कर 6 साल के बच्चे को दिया नया जीवन

आयुष्मान भारत योजना के तहत मिला लाभ



**नवभारत,जबलपुर।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत हृदय रोग से ग्रसित 6 वर्ष के बालक हार्दिक कोष्टा पिता दिलीप कोष्टा निवासी फूटाताल, बधैया मोहल्ला, रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड को मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के माध्यम से सफल सर्जरी कर नया जीवन प्रदान किया गया है। अब मासूम बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है। बच्चे को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिला है।

जानकारी के अनुसार आर.बी. एस. के. नोडल अधिकारी डॉ. अमजद खान के मार्गदर्शन में फूटाताल, बधैया मोहल्ला, रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड, जिला जबलपुर में स्वास्थ्य परीक्षण करने पहुंची थी जहां आर.बी.एस.के. टीम डॉ. श्यामलाल साहू, फार्मासिस्ट शरद पटैल एवं ए.एन.एम. ज्योति कुशवाहा ने पाया कि 6 वर्ष का बालक हार्दिक कोष्टा हृदय रोग से ग्रसित है। इसके बाद बालक का रजिस्ट्रेशन कराकर परिजन की सहमति के बाद उसे बड़ेरिया मैट्रोप्राईम मल्टिस्पेशिलिटी हॉस्पिटल जबलपुर रेफर किया गया। उक्त चिकित्सालय में बच्चे की सफल सर्जरी नि:शुल्क की गई और उसे नया जीवन प्रदान किया गया।

### परिवार के सदस्यों ने किया आभार व्यक्त

सफल सर्जरी के बाद बच्चे के परिवार ने मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन, जिला कलेक्टर जबलपुर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जबलपुर, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जबलपुर, नोडल अधिकारी आर.बी.एस.के. कार्यक्रम जबलपुर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एन.एच.एम. जबलपुर, डी.ई.आई.एम. जबलपुर, बडेरिया मैट्रो प्राईम हॉस्पिटल जबलपुर की टीम तथा समस्त आर.बी.एस.के टीम राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रति आभार व्यक्त किया है।



## केंद्रीय चिकित्सालय में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** आगामी विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पश्चिम मध्य रेल जबलपुर मंडल द्वारा 15 मई से 05 जून तक विश्व पर्यावरण दिवस अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जबलपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों जबलपुर, कटनी, नई कटनी जंक्शन, सतना, रीवा, दमोह एवं पिपरिया में पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए विभिन्न जागरूकता एवं स्वच्छता संबंधी गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से कर्मचारियों एवं रेल उपयोगकर्ताओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है इसी क्रम में दिनांक 20 मई को विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के अंतर्गत केंद्रीय चिकित्सालय, जबलपुर में स्वच्छता अभियान एवं कचरा पृथक्करण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के दौरान चिकित्सालय परिसर की व्यापक साफ-सफाई की गई तथा स्वच्छता कर्मियों को नवीन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के अनुरूप रंग-कोडित डस्टबिन (गीला एवं सूखा कचरा) के सही उपयोग एवं कचरे के वैज्ञानिक पृथक्करण के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।




## भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय 1 एस.टी.सी. में सात दिवसीय भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ किया गया विद्यालय के प्राचार्य पी.बी. पाण्डेय द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया 7 वही उप-प्राचार्या सुनीता केशर ने सर्वप्रथम शिविर के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बच्चों में बुनियादी संवाद कौशल विकसित कर भाषाई विरासत को मजबूत करना ही हमारा मकसद है। सात दिवसीय शिविर के दौरान सीखे जाने वाले बिंदुओं पर चर्चा की। प्राचार्य पी.बी.पाण्डेय ने बताया कि शिविर का उद्देश्य बच्चों को एक या अधिक भारतीय भाषाओं के बारे में जानकारी देना। भाषा सीखने को मजेदार और आकर्षक बनाना। साथ ही उन्होंने भाषा का बारम्बार अभ्यास करने पर विशेष बल दिया 7बंगाली भाषा के लिए सोनाली चटर्जी, प्राथमिक शिक्षिका और मराठी भाषा के लिए सृष्टि पोंगड़े का विद्यालय में स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को भारतीय भाषाओं की विविधता और सुंदरता से परिचित कराया गया।

## सुरेन्द्र यादव बने अध्यक्ष



**नवभारत,जबलपुर।** अखिल भारतीय मानव अधिकार समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय पाण्डेय ने संविधान के विशेषाधिकारों का उपयोग करते हुए सुरेन्द्र यादव को तत्काल प्रभाव से जबलपुर अध्यक्ष नियुक्त किया। सुरेन्द्र यादव को समिति के संविधान के अनुसार जिला इकाईयाँ गठित करने में सहयोग करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही उन्हें कार्यों की प्रगति रिपोर्ट से राष्ट्रीय अध्यक्ष को लगातार अवगत कराना होगा।






## कवि सुमित्रानंदन पंत की जयंती पर साहित्यिक समारोह का आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** प्रकृति के सुकुमार कवि, हिन्दी साहित्य के गौरव सुमित्रानंदन पंत की जयंती के अवसर पर पश्चिम मध्य रेल में साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिलीप कुमार सिंह, महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल के संरक्षण एवं कुशल नेतृत्व में तथा एम.एस. हाशमी, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) के मार्गदर्शन एवं विवेक कुमार गुप्ता, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय कवि उमेश कुमार ओज ने पंत के साहित्यिक जीवन एवं प्रकृति प्रेम पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में 10 कर्मचारियों द्वारा पंत की कविताओं का भावपूर्ण वाचन किया गया, जिससे हिन्दी साहित्य एवं प्रकृति प्रेम की प्रेरणा प्राप्त हुई। सुमित्रानंदन पंत की जयंती के अवसर पर मुख्य अतिथि एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि राजभाषा हिंदी के संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार के संदर्भ में पंत का साहित्य हम सभी को निरंतर प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि पश्चिम मध्य रेलवे में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु नियमित रूप से विभिन्न राजभाषा गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

सक्रियता | बारिश के पहले तैयारियों को लेकर सक्रिय दिखे निगमायुक्त

# कहीं भी आम जनता को जलभराव से सामना नहीं करना पड़े : अहिरवार




**नवभारत,जबलपुर।** आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए नगर निगम पूरी तरह मुस्तैद और सक्रिय नजर आ रहा है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने संभाग क्रमांक 1 गढ़ा के अंतर्गत आने वाले तीन प्रमुख वार्डों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में नाला और नालियों की सफाई व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त के साथ अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान और अशफाक परवेज कुरैशी भी मौजूद रहे। खास बात यह रही कि सभी अधिकारियों ने निगमायुक्त की गाड़ी में ही एक साथ बैठकर वार्डों का भ्रमण किया। नगर निगम में पूल वाहन के इस बेहतर उपयोग की सराहना की जा रही है, जिससे न केवल शासकीय संसाधनों की बचत हो रही है बल्कि अधिकारियों के बीच आपसी समन्वय भी मजबूत दिख रहा है।

### गढ़ा के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण

निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने गढ़ा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में घूमकर सफाई व्यवस्था को परखा। उन्होंने वर्षाकाल के दौरान जलप्लावन की स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य अमले को विशेष रूप से निर्देशित किया। इस दौरान निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी छोटे-बड़े नालों और नालियों की सफाई समय सीमा के भीतर पूरी की जाए। वर्षाजल की निकासी व्यवस्था को पूरी तरह व्यवस्थित रखा जाए ताकि आम जनता को जलभराव की समस्या का सामना न करना पड़े। साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में सफाई कार्य पर विशेष निगरानी रखी जाए। निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता भी देखने को मिली। वार्ड भ्रमण के अवसर पर निगमायुक्त के साथ क्षेत्रीय पार्षद जीतू कटारे भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने क्षेत्र की जमीनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के इस आपसी तालमेल से गढ़ा क्षेत्र के नागरिकों में एक सकारात्मक संदेश गया है कि इस बार वर्षा ऋतु में जलभराव की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी।

### पीपल के पेड़ के नीचे बैठकर लगाई चौपाल

- निगमायुक्त ने लोगों से संवाद कर जानी हकीकत
- विकास कार्यों और पर्यावरण संरक्षण पर जोर



**नवभारत,जबलपुर।** नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण और शासकीय योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँचाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा एक बेहद सराहनीय पहल शुरू की गई है। संभाग क्रमांक 11 के अंतर्गत आने वाले ग्राम पिपरिया में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने स्वयं चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में विशेष शिविर लगाकर सभी पात्र नागरिकों को बेहतर ढंग से शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। इस मौके पर निगमायुक्त ने संभागीय अधिकारी को निर्देशित किया कि आगामी शिविरों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि शिविरों का आयोजन इस तरह से हो कि नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और उनके कार्य पूरी पारदर्शिता व सुगमता के साथ पूरे हों।

#### त्रिफला गार्डन को बनाए रखें हरा-भरा

चौपाल के बाद निगमायुक्त ने क्षेत्रीय पार्षद रजनी सुरेंद्र साहू के साथ क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 'त्रिफला गार्डन' का अवलोकन कर वहाँ की व्यवस्थाओं को देखा। इसके साथ ही, पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए उन्होंने प्रस्तावित पौधा रोपण स्थल का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को क्षेत्र को हरा-भरा बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।